कुकहा रामपुर मोड़ पर चेकिंग के दौरान पुलिस पर फायरिंग कर भागने का आरोप, एक आरोपी पर 33 मुकदमे

मुठभेड़ में दो भाइयों को गोली मार कर दबोचा, जेवर-तमंचा बरामद

कार्रवाई

सिंहपुर, संवाददाता। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के कुकहा रामपुर मोड़ के पास सोमवार देर रात वाहन चेकिंग के दौरान चोरी के दो आरोपियों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पुलिस का आरोप है कि बाइक सवार दोनों युवकों ने रोकने पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में बाइक पर पीछे बैठा युवक घायल हो गया, जबकि बाइक चला रहा उसका साथी वाहन गिरने से उसमें फंस गया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर अस्पताल पहुंचाया। पकड़े गए आरोपी अयोध्या जिले के कुमारगंज थाना क्षेत्र के इटौंजा निवासी सगे भाई बकील उर्फ सेनापति (42) और चांद मोहम्मद उर्फ बादशाह (24) हैं। इनके पास से तमंचा, कारतूस, जेवरात, नकदी और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद हुई है।

सीओ तिलोई दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि दोनों आरोपियों के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा, दो जिंदा और दो खोखा कारतूस मिले हैं। इसके अलावा सात जोड़ी पायल, छह बिछिया, दो नाक की कील, दो कान के टॉप्स, एक लॉकिट और चांदी का एक गुटका बरामद हुआ है। पुलिस ने चोरी के जेवर बेचने से मिली 15 हजार रुपये की रकम और वारदात में इस्तेमाल स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद की है। घायल वकील को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।


कुकहा रामपुर के पास मंगलवार को पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में दोनों आरोपियों ने करीब 15 दिन पहले बाजारशुक्ल थाना क्षेत्र के नेवाजगढ़ कैथन मजरे अहमदपुर में एक घर में नकब लगाकर चोरी करने और करीब दस दिन पहले शिवरतनगंज के पूरे बैसन मजरे जैतपुर में घरों के ताले तोड़कर चोरी करने की बात स्वीकार की है। बरामद जेवर इन्हीं घटनाओं के बताए जा रहे हैं। आरोपियों ने कुछ जेवर बेचने और रकम आपस में बांटने की जानकारी भी दी।

15 हजार की रकम और वारदात में इस्तेमाल बाइक भी पुलिस ने बरामद की

दूसरे आरोपी पर तीन जिलों में आठ मुकदमे

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, चांद मोहम्मद उर्फ बादशाह के खिलाफ अमेठी, अयोध्या और बाराबंकी में कुल आठ मुकदमे दर्ज हैं। इनमें चोरी, चोरी का माल रखने, आर्म्स एक्ट और गोवध निवारण अधिनियम से संबंधित मामले शामिल हैं। वर्ष 2020 में अयोध्या के खंडासा थाने में गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। वर्ष 2025 में अमेठी के बाजारशुक्ल थाने में चोरी और चोरी का माल रखने से संबंधित तीन मुकदमे दर्ज हुए। बाराबंकी के सुबेहा और अयोध्या के कुमारगंज थाने में भी उसके खिलाफ मामले दर्ज हैं।

एक आरोपी पर चार जिलों में 33 केस दर्ज

पुलिस के उपलब्ध रिकॉर्ड के मुताबिक, वकील उर्फ सेनापति के खिलाफ अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर और बाराबंकी में कुल 33 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें चोरी, लूट, चोरी का माल रखने, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के मामले शामिल हैं। वर्ष 2017 से 2025 के बीच दर्ज मुकदमों में कुमारगंज, खंडासा, इनायतनगर, जगदीशपुर, मुसाफिरखाना, बाजारशुक्ल और सुबेहा थानों के मामले शामिल हैं। उसके खिलाफ वर्ष 2023 में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज हुआ था। वर्ष 2025 में भी चोरी और हथियार रखने से संबंधित कई मामले दर्ज किए गए हैं।

शिवरतनगंज थाने में भी मुकदमा दर्ज

सीओ तिलोई दिनेश मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी सगे भाई हैं। इनके खिलाफ अमेठी समेत कई जिलों में लूट, चोरी और गैंगस्टर एक्ट सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने शिवरतनगंज थाने में घायरिंग और अवैध हथियार रखने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। दोनों आरोपी बाजारशुक्ल और शिवरतनगंज में दर्ज चोरी के मुकदमों में भी प्रकाश में आए हैं।

युवक ने दी गोली मारने की धमकी दी

रेलकोच संवाददाता। सड़क किनारे सब्जी बेचकर परिवार का भरण पोषण करना एक विक्रेता के लिए मुश्किल हो गया है। आरोप है कि सोमवार शाम दुकान पर पहुंचे एक युवक ने उसके साथ गाली गलौज की और कस्बे में आने पर गोली मारने की धमकी दी। पीड़ित ने युवक के 10 अज्ञात साथियों पर भी धमकाने का आरोप लगाया है। बाल्हेमऊ गांव निवासी शिवबरन कुशवाहा ने बताया कि वह बाल्हेमऊ नहर पुलिया के पास सड़क किनारे सब्जी की दुकान लगाते हैं।

मां-बेटों समेत चार पर मुकदमा दर्ज

महराजगंज। फर्जी शपथ पत्र के आधार पर जमीन की बिक्री करने के आरोप में पुलिस ने मां-बेटों समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना का मुकदमा दर्ज किया है। एसपी जनता दर्शन में शिकायत और क्षेत्राधिकारी की जांच के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। बछरावां के राजामऊ गांव के प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि चुरवा गांव के आशा देवी, उनके बेटे साजन मिश्रा और राजन मिश्रा तथा एक अज्ञात ने आपसी साजिश के तहत फर्जी शपथ पत्र तैयार किया।

शहर 30 S


रोजगार मेले में मंगलवार को प्रमाण पत्र के साथ अभ्यर्थी, मौजूद अधिकारी।

डीएम ने बांटे नियुक्ति पत्र

रायबरेली। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए मंगलवार को फिरोज गांधी पॉलीटेक्निक कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से आयोजित मेले में 53 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार पाने की उम्मीद लेकर पहुंचे 2382 अभ्यर्थियों में से साक्षात्कार और चयन प्रक्रिया के बाद 1153 का प्राथमिक चयन किया गया। वहीं, कुछ कंपनियों के चयन परिणाम अभी आने शेष हैं।

वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक घायल

महाराजगंज। महाराजगंज-रायबरेली मार्ग पर लोधवामऊ गांव के पास मंगलवार देर शाम करीब 6:30 बजे चौपहिया वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान मिल एरिया थाना क्षेत्र के कचौंदा गांव निवासी शिवा (18) पुत्र सूरज और हरवंदपुर थाना क्षेत्र के मझिगवां निवासी प्रदीप (20) पुत्र कंधई के रूप में हुई। दोनों युवक महाराजगंज से लौट रहे थे। 108 एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी महाराजगंज पहुंचाया गया।

पुण्यतिथि पर हुआ स्मृति सम्मान समारोह

रायबरेली। देवानंदपुर स्थित श्री केवी सिंह इंटर कॉलेज में मंगलवार को रामेश्वरी मानव कल्याण समिति की ओर से रामेश्वरी देवी सिन्हा की 30वीं पुण्यतिथि पर स्मृति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोंथा सरकार के पूर्व मुख्य सचिव कृष्ण शरण सिंह रहे। वक्ताओं ने शिक्षा क्षेत्र में रामेश्वरी देवी के योगदान को याद किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कवयित्री नूरजहां को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

रायबरेली। इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय (आईजीजीसी) में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन छात्राओं ने नशा मुक्ति का संदेश दिया। स्वयंसेविकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया।


इनरव्हील क्लब से आयोजित डांडिया उत्सव में मंगलवार को प्रस्तुत करते कलाकार।

इनर व्हील क्लब में मना डांडिया उत्सव

रायबरेली। इनर व्हील क्लब के तत्वाधान में डांडिया उत्सव हुआ। उत्सव का मुख्य आकर्षण राइजिंग वाइल्ड स्कूल एवं डांस फॉर फन की कोरियोग्राफी में तैयार किया गया समूह डांडिया नृत्य रहा। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और दर्शकों ने तालियों के साथ प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

महराजगंज जाम से जूझ रहा सड़कें बनीं पार्किंग स्थल


महराजगंज में मंगलवार को जाम में फंसे वाहन, सड़क किनारे खड़ी बाइकें।

जाम का झाम

महराजगंज, संवाददाता। कस्बे में जाम की समस्या अब लोगों के लिए रोजमर्रा की मुसीबत बन गई है। मुख्य बाजार से लेकर तहसील मार्ग, बछरावां मार्ग और रायबरेली मार्ग तक आए दिन घंटों वाहनों की कतार लगी रहती है। हालात इतने खराब हैं कि चंद मिनटों का सफर तय करने में लोगों को काफी समय गंवाना पड़ता है। खासकर स्कूलों की छुट्टी के समय कस्बे की प्रमुख सड़कों पर करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। जाम खुलवाने में पुलिसकर्मियों को भी मशक्कत करनी पड़ती है, लेकिन बड़े वाहनों की आवाजाही के बीच यातायात सामान्य होने में काफी समय लग जाता है।

पुलिस चौकी तिराहे पर बछरावां और शिवगढ़ की ओर जाने वाली रोडवेज बसें भी लंबे समय तक बेतरतीब ढंग से खड़ी रहती हैं। इससे सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है और जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है।

कार खड़े में पलटी बिजली का पोल टूटा

रायबरेली। लालगंज-बछरावां रोड पर तहसील के निकट सोमवार रात करीब नौ बजे बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े में पलट गई। गनीमत रही कि हादसे में कार सवार दो लोग बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार बछरावां की ओर से लालगंज की तरफ आ रही थी। तहसील के पास अचानक चालक कार पर से नियंत्रण खो बैठा।

तेज रफ्तार कार सड़क किनारे लगे 11 केवी के बिजली के पोल को तोड़ते हुए सीधे खड़े में जा पलटी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के एयरबैग खुल गए। कार में सवार सचिन (32) पुत्र कमल निवासी पूरे देवी मोहल्ला और राहुल (34) पुत्र श्रीराम निवासी पलिया बिरसिंहपुर कार के अंदर ही फंस गए। लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को कार से बाहर निकाला। दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लालगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को घर भेज दिया।

नपा बोर्ड की बैठक में नौ प्रस्ताव पास

फैसला

रायबरेली संवाददाता। नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक मंगलवार को हुई। गुरु तेग बहादुर मार्केट स्थित सभागार में हुई इस बैठक में नौ प्रस्ताव पारित हो गए। नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर की ओर से बैठक का एजेंडा पहले ही जारी कर दिया गया था। कई मुद्दों को लेकर बैठक में गहमा गहमी भी रही। बाद में सभी प्रस्ताव पास हो गए।

इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किए गए हैं। इनमें ग्राम चकअहमदपुर नजूल स्थित गाटा संख्या 2599 में से 464 वर्गमीटर भूमि नवीन बाल विकास कार्यालय (सहगोदाम) के निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध करने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। इसी के साथ

शहर की प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए एलईडी लाइटों की खरीद, खराब लाइटों की मरम्मत और अभथवादा मंदिर रोड, जेल रोड व आनंद नगर सहित अन्य स्थानों पर पोल सहित नई लाइटें लगाने का प्रस्ताव भी


मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय में बोलते सभासद।

शामिल रहे। इसके अलावा जलकल अनुभाग के लिए मोटर, स्टार्टर, पाइपलाइन और हैंडपंप मरम्मत सामग्री खरीदने पर भी स्वीकृति मिल गई है। बैठक में एक्यूआर वेस्ड डबल एंट्री सिस्टम लागू करने और कई अनुभागों में पहले से कार्यरत सीसीसी प्रमाणपत्र धारक कंप्यूटर ऑपरेटरों को 692 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय देने का प्रस्ताव भी पास किया गया है।

वहीं, वार्ड नंबर तीन देवानंदपुर में बिरला फैक्ट्री के पीछे स्थित तालाब को आईनाक्स एयर प्रोडक्ट्स लिमिटेड को रखरखाव के लिए गोद देने पर भी सहमति मिल गई है। इस बैठक एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास हुआ जो युवा गैस्ट्रो सर्जन डॉ रजत पांडेय की स्मृति से जुड़ा है। सड़क हादसे में उनके निधन के बाद समाज और चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए किसी सड़क या पार्क का नाम उनके नाम पर रखने का प्रस्ताव को भी पास किया गया है। नगर पालिका अधिशासी अभियंता स्वर्ण सिंह ने बताया कि सभी प्रस्ताव पास हो गए हैं। बैठक में कोई हंगामा नहीं हुआ है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, रायबरेली
द्वितीय तल, 920-लोधवारी कोठी, डिग्री कॉलिज चौराहा, रायबरेली-229001
फोन: 8601804406, 8601800065 ईमेल: sarrae@bankofbaroda.com

चल एवं अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए बिक्री सूचना "अनुर्गत-IV-A [नियम 6(2) एवं 8(6) के प्रावधान देखें]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) एवं 8(6) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित चल एवं अचल सम्पत्ति / बंधक / प्रभार युक्त सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जे में लिया गया है को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **"जो है जहाँ है, जो है जैसे है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी / जमानतकर्ता / प्रतिभूति आस्ति / देय / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है:-

ई-नीलामी की तिथि 05-12-2026 | **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 04-12-2026 upto 5.00 PM**

धरोहर राशि (ईएमडी) का भुगतान ऑनलाइन एनईएफटी / ट्रांसफर (चालान निष्पादन के बाद)
(https://baanknet.com) के द्वारा बोलीदाताओं के ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में किया जायेगा।

क्र. सं.	ऋणियों / जमानतदारों का नाम एवं पता	सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अतिक्रमणों सहित, यदि कोई हो	कुल बकाया	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित धनराशि / अग्रिम धनराशि / बिड बढ़ोत्तरी राशि	कब्जा की स्थिति (सांकेतिक / भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण हेतु तिथि एवं समय
1	**ऋणकर्ता:-** मेसर्स आईवीएस सप्लायर एंड कॉन्ट्रेक्टर, साझेदार एवं जमानतकर्ता: 1.श्रीमती मीना सिंह पत्नी स्व0 श्री रण विजय सिंह एवं 2. श्री इन्द्रेश सिंह पुत्र स्व0 श्री रण विजय सिंह पता: ग्राम पूरे मेदनी लाल, कन्डौरा, पोस्ट हरचन्दपुर, रायबरेली-229303 **जमानतकर्ता: स्व0 श्री रण विजय सिंह पुत्र श्री बुद्धू सिंह (द्वारा कानूनी वारिस: 1. श्रीमती मीना सिंह पत्नी स्व0 श्री रण विजय सिंह, 2. श्री इन्द्रेश सिंह, एवं 3. श्री दुर्गेश सिंह** दोनों पुत्रगण स्व0 श्री रण विजय सिंह सभी निवासी ग्राम पूरे मेदनी लाल, कन्डौरा, पोस्ट हरचन्दपुर, रायबरेली-229303)	समस्त भाग एवं खण्ड का 1/6 हिस्सा क्षेत्रफल=0.1570 हेक्टेयर=12 बिस्वा 8 बिसवान्सी गाटा सं. 208 पर प्लॉट का, सहित **कुल क्षेत्रफल: 0.9420 हेक्टेयर** स्थित ग्राम बरगदहा, परगना, तहसील एवं जिला रायबरेली। **मालिक: श्रीमती मीना सिंह पत्नी स्व0 श्री रण विजय सिंह। चौहद्दी: पूरब:** रोड हरचन्दपुर से सिरसा घाट, **पश्चिम:** सहखातेदार विशुन पाल का खेत, **उत्तर:** सहखातेदार राम आधार का खेत, **दक्षिण:** बुद्धू सिंह का खेत।	**रू. 12,78,090.00 +** ब्याज एवं अन्य खर्च (मांग सूचना व कब्जा सूचना के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	05.12.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे	**रू. 13,80,000/-** (आरक्षित मूल्य) **रू. 1,38,000/-** (अग्रिम धनराशि) **रू. 10,000/-** (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	भौतिक	04.11.2026 से 04.12.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM
2	**ऋणकर्ता:-** मेसर्स जिशाद पेप्सी एजेन्सी प्रो0 श्रीमती सुल्ताना बानो पत्नी श्री शहादत अली पता: रफीक नगर, खीरी, जिला-रायबरेली -229205 **जमानतकर्ता: श्री शहादत अली पुत्र श्री नुसरत अली** निवासी ग्राम-रानापुर पहरौली, खीरी, तहसील-लालगंज, जिला- रायबरेली- 229205	साच्यिक बंधक प्लॉट क्षेत्रफल पूरब से पश्चिम 53. 5 फिट एवं उत्तर से दक्षिण 180 फिट = **9630 वर्ग फिट = 894.98 वर्ग मीटर** स्थित गाटा सं. 344, ग्राम खानपुर खुस्ती, (अन्दर आबादी), परगना खीरों, तहसील लालगंज एवं जिला -रायबरेली। **मालिक: श्री शहादत अली। चौहद्दी: पूरब:** क्रेता का प्लॉट, **पश्चिम:** हरिपाल का प्लॉट, **उत्तर:** नहर, **दक्षिण:** खीरो से सेमरी रोड।	**रू. 10,47,640.00 +** ब्याज एवं अन्य खर्च (मांग सूचना व कब्जा सूचना के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	05.12.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे	**रू. 18,00,000/-** (आरक्षित मूल्य) **रू. 1,80,000/-** (अग्रिम धनराशि) **रू. 10,000/-** (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	भौतिक	04.11.2026 से 04.12.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM
3	**ऋणकर्ता:-** मेसर्स श्यामजी ट्रेडर्स, प्रो0 श्री राम बाबू, पुत्र श्री द्वारिका प्रसाद, पता: ग्राम - ब्राह्मणी, पोस्ट- फुर्सतगंज (अमेठी), रायबरेली- 229302 **जमानतकर्ता: 1. इफ्तखार अहमद पुत्र उस्मान गनी** निवासी ग्राम पूरे गुलाब शाह, मजरे कोटवारगंज, पोस्ट- तिलोई, अमेठी- 229302, **एवं 2. श्री अब्दुल रब खान पुत्र श्री अब्दुल रऊफ खान**, निवासी 634, फुर्सतगंज (अमेठी), शेर वईसन - 1, रायबरेली -229302	एक किता बेजकल 27 फिट (लम्बाई) एवं 27 फिट (चौड़ाई) = **क्षेत्रफल 67.80 वर्ग मीटर** स्थित बेगम कुआं, ग्राम -ब्राह्मणी (फुर्सतगंज), परगना -रोसा, तहसील - तिलोई एवं जिला- रायबरेली। **मालिक: श्री रामबाबू पुत्र श्री द्वारिका प्रसाद। चौहद्दी: पूरब:** हुबदार का घर, **पश्चिम:** शकर का घर, **उत्तर:** खड़जा मार्ग, **दक्षिण:** गया प्रसाद का घर।	**रू. 37,54,587.00 +** ब्याज एवं अन्य खर्च (मांग सूचना व कब्जा सूचना के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	05.12.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे	**रू. 9,50,000/-** (आरक्षित मूल्य) **रू. 95,000/-** (अग्रिम धनराशि) **रू. 10,000/-** (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	भौतिक	04.11.2026 से 04.12.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM
4	**ऋणकर्ता:-** मेसर्स ओम साई कम्पनी, प्रो0 श्री प्रवीन कुमार सिंह पुत्र श्री राम करन सिंह पता: ग्राम नेवाजगंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला, पोस्ट- मंझिगवां, जिला- रायबरेली-229123 **जमानतकर्ता: श्रीमती कल्पना सिंह पत्नी श्री प्रशान्त सिंह** निवासी ग्राम नेवाजगंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला, पोस्ट- मंझिगवां, जिला- रायबरेली- 229123	सम्पत्ति का सभी भाग एवं खण्ड स्थित प्लॉट सं. 2372, ग्राम- बावन बुजुर्ग बल्ला, परगना एवं तहसील- महाराजगंज, जिला-रायबरेली। **क्षेत्रफल: 1140.00 वर्ग मी0। मालिक: श्री प्रवीन कुमार सिंह पुत्र श्री राम करन सिंह** वाइज पंजीकृत सेल डीड सं. 1789 बुक नं. 101 के पेज सं. 217-232 पर दिनांक 11.02.2015 को पंजीकृत। **चौहद्दी: पूरब:** लिंक रोड, **पश्चिम:** खेत बाबू सिंह इत्यादि, **उत्तर:** खेत अमृत लाल इत्यादि, **दक्षिण:** खेत देशराज इत्यादि।	**रू. 35,84,012.00 +** ब्याज एवं अन्य खर्च (मांग सूचना व कब्जा सूचना के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	05.12.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे	**रू. 21,00,000/-** (आरक्षित मूल्य) **रू. 2,10,000/-** (अग्रिम धनराशि) **रू. 10,000/-** (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	भौतिक	04.11.2026 से 04.12.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM
5	**ऋणकर्ता:-** मेसर्स स्पर्श ड्रग सप्लायर्स, प्रो. श्री. धर्मेंद्र कुमार सोनकर पुत्र राजाराम सोनकर निवासी 339, ग्राम देवानंदपुर, परगना, तहसील एवं जिला रायबरेली- 229001 **जमानतकर्ता: श्रीमती कालीपति पत्नी राजाराम** निवासी 339, देवानंदपुर, परगना, तहसील एवं जिला रायबरेली- 229001	साच्यिक बंधक प्लॉट सं. 349 के सभी भाग एवं खण्ड. **क्षेत्रफल 15 बिसवा, 4 बिस्वांसी** स्थित ग्राम देवानंदपुर, परगना, तहसील एवं जिला रायबरेली। **मालिक: श्रीमती कालीपति पत्नी राजाराम (जमानतकर्ता)। चौहद्दी (डीड के अनुसार): पूरब:** रमेश का खेत, **पश्चिम:** जनक दुलारी का खेत **उत्तर:** जगन्नाथ का खेत, **दक्षिण:** रमेश का खेत। **चौहद्दी (साइट के अनुसार): पूरब:** रमेश एवं राजकुमार का खेत, **पश्चिम:** जनक दुलारी का खेत **उत्तर:** जगन्नाथ का खेत एवं प्रस्तावित रास्ता, **दक्षिण:** आशा श्रीवास्तव का खेत।	**रू. 34,96,695.32 +** ब्याज एवं अन्य खर्च (मांग सूचना व कब्जा सूचना के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	05.12.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे	**रू. 55,60,000/-** (आरक्षित मूल्य) **रू. 5,56,000/-** (अग्रिम धनराशि) **रू. 10,000/-** (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	भौतिक	04.11.2026 से 04.12.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM

SCAN HERE

नोट: सरफेसी अधिनियम के नियम 6(2) और 8(6) के तहत उप सांविधिक 15 दिनों की बिक्री सूचना हेतु सूचना।
बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया निम्नलिखित लिंक का अवलोकन करें:- **www.bankofbaroda.in/ & Baanknet website: https://baanknet.com** तथा इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल नं0 **8601804406** से सम्पर्क करें।

दिनांक: 04.11.2026, स्थान: रायबरेली
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

ब्लॉक स्तरीय दौड़ में शिवांशु और पूजा अव्वल

प्रतियोगिता

डीह संवाददाता। विकास क्षेत्र डीह के सुंदरगंज गन्ना काटा बाग में ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़ के प्राथमिक बालक वर्ग में विकास प्रथम, शिवम द्वितीय और अर्पित तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में अंशिका सिंह ने पहला, मुस्कान ने दूसरा और अवंतिका ने तीसरा स्थान हासिल किया।

सौ मीटर दौड़ में बालक वर्ग में शिवांशु प्रथम, शिवम द्वितीय और हिमांशु तृतीय रहे। 150 मीटर दौड़ में पूजा ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं उच्च प्राथमिक स्तर की लंबी कूद में काजल प्रथम, रूपाली द्वितीय और दीपाली तृतीय स्थान पर रहीं। उच्च प्राथमिक वर्ग की दौड़ प्रतियोगिताओं में भी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। 150 मीटर बालक दौड़ में आशीष प्रथम और कुलदीप द्वितीय रहे। चार सौ मीटर बालिका दौड़ में राजकुमारी प्रथम, मधु द्वितीय और सृजल तृतीय रहीं। छह सौ मीटर दौड़ में आंचल ने पहला, काजल ने दूसरा और संध्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल और शील्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


मंगलवार को आयोजित प्रतियोगिता के विजेता बच्चे।

नालों का निदेशक ने किया निरीक्षण

जानी हकीकत

रायबरेली संवाददाता। गंगा नदी को प्रदूषणमुक्त व स्वच्छ बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने इसकी जांच शुरू कर दी है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के निदेशक रावल हमेंद्र कुमार व प्रभागीय निदेशक प्रखर मिश्र ने गंगा नदी में गिर रहे नालों कल्याणी, खरौली, एनटीपीसी परिसर से निकल रहे नालों का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने डलमऊ व ऊंचाहार क्षेत्र में गंगा नदी में गिर रहे नालों की स्थिति का जायजा लिया व उनके माध्यम से नदी में पहुंचने वाले दूषित जल के प्रबंधन व उपचार की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण से पूर्व संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जनपद में गंगा नदी में गिरने वाले नालों की वर्तमान स्थिति, उनके जल शोधन की व्यवस्था व नालों से नदी में पहुंचने वाले प्रदूषण को रोकने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।


ऊंचाहार में मंगलवार को निरीक्षण करते निदेशक।

लाभार्थियों के खातों में पहुंचे 990 रुपये

रायबरेली। लोकभवन लखनऊ में योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत 1500 करोड़ की धनराशि प्रदेश के 1.89 करोड़ पात्र परिवारों को बांटी। जिसका सजीव प्रसारण रिफार्म क्लब लॉन में चल रहे सरसे मेले में दिखाया गया।

सीडीओ ने उज्ज्वला योजना के 10 लाभार्थियों को दीपावली के त्यौहार पर सब्सिडी के रूप 651 रुपये एवं केन्द्र सरकार द्वारा 339 रुपये, कुल 990 रुपये का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया। इस मौके पर मौजूद पात्र लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी दिखी।

लापरवाही | **नगर पंचायत में नियुक्ति के बावजूद चार महीने से पद नहीं संभाल रहे जेई और एई**

माता मिढुरिन देवी धाम का विकास फंसा

परशदेपुर संवाददाता। नगर पंचायत परशदेपुर स्थित ऐतिहासिक माता मिढुरिन देवी धाम के विकास कार्यों में नगर पंचायत की लापरवाही अब विभागीय अधिकारियों के फेर में उलझती नजर आ रही है। वंदन योजना के तहत शुरू हुई करीब एक करोड़ 70 लाख रुपये की परियोजना निर्धारित समयसीमा मार्च 2026 बीतने के बाद भी अधूरी है। शुरुआत से ही निर्माण कार्य की निगरानी और मंदिर संस्थान के साथ समन्वय को लेकर सवाल उठते रहे। अब निर्माण कार्य में देरी की वजह एई और जेई बताए जा रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष का कहना है कि नियुक्ति के बावजूद दोनों तकनीकी अधिकारी पिछले चार महीने से पदभार नहीं संभाल रहे हैं। ऐसे में निर्माण कार्य की निगरानी न होने से मामला और पेचीदा हो गया है। वंदन योजना के तहत मंदिर परिसर में बारादरी, पुजारी भवन, बाउंड्रीवाल, सौंदर्यीकरण सहित अन्य विकास कार्य कराए जाने हैं। परियोजना की कुल लागत करीब एक करोड़ 70 लाख रुपये निर्धारित की गई है। इसके लिए अप्रैल 2024 में पहली किस्त के रूप में करीब 89 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे, जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ। मार्च 2026 तक इसे पूरा किया जाना था, लेकिन नवंबर 2026 तक भी काम अधूरा है। परियोजना की कुल लागत के सापेक्ष अब तक महज 89 लाख रुपये ही स्वीकृत हुए हैं।


परशदेपुर के मिढुरिन देवी धाम में अधूरा टीनशेड।